# सूरवीरों के शौर्य से भरा है इतिहास

## अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कार्यशाला में सीएम डॉ. मोहन यादव बोले

**भोपाल, 10 नवम्बर. भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और राष्ट्रीय संगठक वी सतीश ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में जनजातीय संकुल विकास परियोजना पर आधारित अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कार्यशाला का शुभारंभ किया. कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, सावित्री ठाकुर, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, सांसद समीर उरांव एवं सुमेर सिंह सोलंकी सहित कई नेताओं ने संबोधित किया.**

**47** हजार 296 करोड़ अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए

**32** हजार 633 करोड़ रुपए अनुसूचित जाति वर्ग के लिए बजट का प्रावधान



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को पूरे प्रदेशभर में मनाई जाएगी. जनजातीय समाज ने अंग्रेजों के खिलाफ सबसे पहले आंदोलन शुरू किया था. हमारा इतिहास वीर महापुरुषों और जनजातीय सूरवीरों के शौर्य से भरा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत को सम्मानित कर रही है.

उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती का अमर संघर्ष और साहस हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है. भाजपा सरकार ने उनके शौर्य को पाठ्यक्रम में शामिल कर सम्मान देने का कार्य किया है. राज्य में पेसा एक्ट लागू कर जनजातीय समाज को उनके अधिकार लौटाए गए हैं. सरकार ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 47,296 करोड़ और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 32,633 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है. तेंदूपत्ता संग्रहण का पारिश्रमिक 3,000 से बढ़ाकर 4,000 रुपए प्रति बोरा किया गया है.

मुख्यमंत्री ने बताया कि जनजातीय युवाओं के लिए सिविल सेवा कोचिंग, कौशल प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति और रोजगार योजनाएं संचालित की जा रही हैं. अब तक 9,000 से अधिक युवाओं को 418 करोड़ रुपए की सहायता दी गई है. सिकलसेल मिशन और आहार अनुदान योजना जनजातीय परिवारों के जीवन में सुधार ला रही हैं.

भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में 1 से 15 नवम्बर तक प्रदेशभर में संगोष्ठी, रैली, सम्मेलन, खेल, क्राफ्ट, लोककला और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.

### किसानों को भावांतर की राशि अंतरित करेंगे सीएम

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल.** प्रदेश के सोयाबीन किसानों के लिये राहत की खबर है. उन्हें भावांतर योजना के तहत 13 नवंबर को राशि अंतरित की जाएगी. इसके लिये देवास जिले में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहभागिता करेंगे. ताजा भाव के हिसाब से सोयाबीन का औसत मूल्य प्रति क्विंटल 4036 रुपये आया है. इस तरह एमएसपी की राशि 5328 प्रति क्विंटल के बीच की राशि अब किसानों को दी जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान इस संबंध में जानकारी मंत्रियों को दी. इधर मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सहित ज्यादातर मंत्री गुजराज के केवड़िया जाएगा. यहां सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हिस्सा लेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर गुजरात के केवड़िया में जारी भारत पर्व में 11 नवंबर को मध्यप्रदेश दिवस कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी. इसमें 75 कलाकारों द्वारा प्रदेश के पौराणिक-ऐतिहासिक गौरव तथा कला-संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रियों के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे. इसलिये ही मंगलवार को होने वाली कैबिनेट की बैठक को एक दिन पहले सोमवार को किया गया.

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 15 नवंबर को मनाए जा रहे जनजातीय गौरव दिवस के संबंध में बताया कि जबलपुर और आलीराजपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होंगे.



### अभिनेत्री दिव्या ने किए महाकाल के दर्शन

**उज्जैन.** प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने आज श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रातः कालीन दद्योदक आरती में सम्मिलित होकर भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन लाभ प्राप्त किए. अभिनेत्री दिव्या दत्ता द्वारा श्री कोटेश्वर महादेव जी का भी पूजन किया गया पूजन पुजारी अर्पित गुरु द्वारा संपन्न करवाया गया.

# विदिशा की दर्दनाक तस्वीर पर बहस

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 10 नवंबर. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि विदिशा जिले से सामने आई एक दर्दनाक तस्वीर, जिसमें एक मासूम बच्ची सड़कों पर लगे कचरे के ढेर में खाने के लिए कुछ तलाशती दिखाई दे रही है, ने पूरे देश में शासन और सामाजिक कल्याण की स्थिति को लेकर गंभीर बहस छेड़ दी है.**

उन्होंने कहा कि यह तस्वीर सिर्फ एक बच्ची की मजबूरी नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनहीनता और व्यवस्था की गहरी विफलता का प्रतीक बन चुकी है. यह मुद्दा तब और गंभीर हो गया जब लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाल ही में उस घटना का उल्लेख किया, जिसमें स्कूल के बच्चों को दोपहर के भोजन के



दौरान कागज़ की शीट पर खाना परोसा गया. इसने सरकार की बच्चों के पोषण और कल्याणकारी योजनाओं के प्रति प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश कुपोषण, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, महिलाओं पर अपराध और महिलाओं के लापता होने जैसे कई सामाजिक मानकों पर देश के सबसे कमजोर राज्यों में बना हुआ है. उनके अनुसार, ये आंकड़े सिर्फ सरकारी रिकॉर्ड नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के दैनिक संघर्ष की सच्चाई को दर्शाते हैं.

> उन्होंने आगे कहा कि इन गंभीर चुनौतियों के बावजूद मुख्यमंत्री राज्य से बाहर राजनीतिक मंचों पर भाषण देने में अधिक व्यस्त दिखाई देते हैं, जबकि राज्य के बुनियादी विकास संबंधी मुद्दे उपेक्षित बने हुए हैं. उन्होंने बताया कि लाड़ली बहना जैसी योजनाओं की घोषणाएँ तो जोर-शोर से की गईं, लेकिन वादा किए गए 3000 प्रतिमाह की सहायता अभी तक पूरी तरह लागू नहीं हो पाई है. इस बीच राज्य का बढ़ता राजकोषीय घाटा भी आवश्यक सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन पर असर डाल रहा है. विपक्ष का आरोप है कि कई योजनाएँ ज़मीन पर कम और विज्ञापनों में ज्यादा दिखाई देती हैं.

# भोपाल समेत कई जिलों में ठंड ने दी दस्तक

- पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदला मध्यप्रदेश का मौसम
- भोपाल सहित कई जिलों में रात और सुबह के तापमान में गिरावट

**भोपाल, 10 नवंबर. उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ ने अब मध्यप्रदेश के मौसम को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है. राजधानी भोपाल सहित राज्य के कई हिस्सों में रात और सुबह के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है. मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में प्रदेश के अधिकांश जिलों में ठंडी हवाओं का प्रभाव और बढ़ेगा तथा कुछ इलाकों में हल्के बादल और कोहरे की संभावना भी बनी रहेगी.**



मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि एक ऊपरी वायु चक्रवातीय परिसंचरण वर्तमान में उत्तरी हरियाणा में समुद्र तल से लगभग 3.1 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है. इसके साथ ही, मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक ट्रफ 33ए उत्तर अक्षांश और 82ए पूर्व देशांतर के साथ 5.8 किमी की ऊंचाई तक विस्तृत है, जो पूर्व-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा है. यह प्रणाली फिलहाल उत्तर भारत से होते हुए मध्यप्रदेश के उत्तरी और पश्चिमी भागों को प्रभावित कर रही है.

> इस प्रभाव से प्रदेश के भोपाल, राजगढ़, इंदौर, सिहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, देवास, शाजापुर, रीवा, मऊगंज, शहडोल, छिंदवाड़ा, मंडला, मैहर और बालाघाट जिलों में 11 से 12 नवंबर के बीच हल्के बादल और ठंडी हवाओं के साथ तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी. वहीं, 12 से 13 नवंबर के बीच मौसम में और अधिक ठंडक बढ़ने की संभावना जताई गई है.

# एसआईआर में लापरवाही नहीं करें

## सीईओ झा ने उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ की वर्चुअल बैठक

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 10 अक्टूबर. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मप्र संजीव कुमार झा ने सोमवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की. प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए.**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने कहा कि समस्त सुपरवाईजरर्स, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारीगण अपने बीएलओ से बात करें और मैपिंग तथा एन्यूमरेशन फार्म का वितरण कार्य सम्पन्न कराएं. इस



कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही ना की जाए. प्रतिदिन सुबह 9 बजे से स्वयं और समस्त बीएलओ फील्ड पर मौजूद रहे. प्रत्येक बीएलओ के कार्य की दिन में 3 बार समीक्षा करें और प्रगति से अवगत कराएं. स्वयं भी फील्ड में रहें और जहां कार्य की प्रगति कम हो, वहां स्वयं जाकर बीएलओ से कार्य कराएं.

> मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने एन्यूमरेशन फार्म वितरण की जानकारी प्राप्त कर कहा कि शत प्रतिशत मतदाताओं तक समय पर फार्म पहुंचाना सुनिश्चित करें. काम की गति बढ़ाएं. निर्वाचन आयोग द्वारा चाही गई जानकारी तत्परता से बीएलओ एप में अपडेट करें. सभी अधिकारी एसआईआर के कार्य को पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ करें.

# विचारधारा का जीवंत स्वरूप है कांग्रेस

**विशेष संवाददाता**

**पचमढ़ी, 10 नवंबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के नौवें दिन की शुरुआत राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण वंदे मातरम् के सामूहिक गायन और झंडा वंदन के साथ हुई. शिविर में अनुशासन, उत्साह और एकजुटता का वातावरण स्पष्ट रूप से अनुभव किया गया.**

सत्र की शुरुआत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह कोषाध्यक्ष विजय सिंगला के प्रेरक उद्बोधन से हुई. उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संगठन केवल पदों का ढांचा भर नहीं है, बल्कि यह देश के हर कोने में पार्टी की विचारधारा और मूल्यों का जीवंत स्वरूप है.



उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपनी भूमिका को समझते हुए जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करें.

इसके पश्चात एआईसीसी सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन ने सामाजिक संगठनों के साथ सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा कि जितना व्यापक संवाद और जुड़ाव होगा, कांग्रेस का जनाधार उतना ही गहरा और प्रभावी बनेगा. मुख्य मार्गदर्शन सत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संगठन की रूपरेखा, कार्यक्रम विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की. उन्होंने कहा-जिला अध्यक्षों के अधिकारों की रक्षा करना मेरी जिम्मेदारी है.

# लोकायुक्त की कलेक्ट्रेट में दबिश

## सहायक पेंशन अधिकारी को दस हजार की रिश्वत लेते दबोचा

**जबलपुर,10 नवम्बर. कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर जबलपुर में लोकायुक्त ने दबिश देते हुए संभागीय पेंशन कार्यालय में पदस्थ सहायक पेंशन अधिकारी सचिन कुमार झा पिता स्वर्गीय भावेश झा 42 वर्ष को 10000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है.**

जानकारी के मुताबिक किशोर कुमार झारिया पिता स्वर्गीय गोपीचंद झरिया 68 वर्ष, निवासी तिलहरी ने जबलपुर लोकायुक्त में शिकायत करते हुए बताया कि वह सेवानिवृत्त लैब टेक्नीशियन है. पहली पत्नी की मौत के पश्चात दूसरी पत्नी का नाम पारिवारिक पेंशन में नॉमिनी में जुड़वाने संभागीय पेंशन कार्यालय में सहायक पेंशन अधिकारी सचिन झा से मिला. आरोपी ने काम करने एवज में 10000 की मांग की थी. जिसकी



शिकायत लोकायुक्त कार्यालय में पुलिस अधीक्षक के समक्ष की थी. शिकायत सत्यापन उपरांत आज आरोपी को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर जबलपुर में 10000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया.आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है.



# एसआईआर की प्रक्रिया में गति लायें : गौरव

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 10 नवम्बर। एसआईआर की प्रक्रिया में गति लाए तथा गणना प्रपत्रो का शत-प्रतिशत वितरण किया जाना सुनिश्चित करें एवं जन जाति गौरव दिवस का आयोजन के साथ आयोजित करने के लिए समय सीमा के अंदर तैयारिया किया जाना सुनिश्चित करे।**

उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर गौरव बैनल के द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिया गया।

कलेक्टर ने एसआईआर की प्रक्रिया एवं गणना प्रपत्रो के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रक्रिया के दौरान पूरी सावधानी के साथ सम्पूर्ण मैपिंग करना सुनिश्चित करे। वही सीएमएचओ को निर्देशित किया कि समारोह के दौरान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाये।

# बिना परमिट के दो मालवाहक वाहनों से सवा लाख का जुर्माना

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 10 नवम्बर। जिला कलेक्टर के आदेश एवं जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर के निर्देशन में परिवहन विभाग द्वारा जन-जागरूकता एवं सघन वाहन जांच अभियान निरंतर जारी है। चेक प्वाइंट प्रभारी ने दो बिना परमिट के चल रहे मालवाहक वाहनों पर कार्रवाई की है।**

दरअसल चेक पॉइंट प्रभारी एवं टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत बिना परमिट, बिना फिटनेस एवं बिना टैक्स संचालित वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान दो बिना परमिट मालवाहक गाड़ियों से 1 लाख 25 हजार 500 रुपये राशि चालान के रूप में वसूल की गई। परिवहन विभाग द्वारा की गई सघन कार्रवाई के परिणामस्वरूप अब तक 4 लाख 55 हजार रूपये का राजस्व एकत्रित किया गया है। विभाग ने सभी वाहन स्वामियों



एवं चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करे और अपने वाहनों के समस्त दस्तावेज पूर्ण रखें। इधर बताते चले कि विंध्यनगर थाना क्षेत्र के तेलगवां, शक्तिनगर मार्ग तथा बरगवां से अदाणी प्लांट मार्ग पर चलने वाली मालवाहक गाड़ियाँ अधिकतर बिना परमिट, बिना फिटनेस और ओवरलोड होकर परिवहन कर रही हैं। विशेष रूप से राखड़ एवं कोयले का अवैध परिवहन बड़े पैमाने पर जारी है।



# बैढ़न के 11वीं व 12वीं के मेधावी छात्रों को मिलेगा नि :शुल्क कोचिंग का लाभ

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 10 नवम्बर। शासकीय विद्यालयों के मेधावी छात्रो को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए कलेक्टर गौरव बैनल के पहल पर से एनटीपीसी के माध्यम से नि:शुल्क कोचिंग क्लास संचालित की जायेगी।**

जिसके संबंध में कलेक्टर के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्कूल शिक्षा विभाग जन जाति कार्य विभाग एवं एनटीपीसी विन्ध्यनगर के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान यह पहल किया गया है कि जिला मुख्यालय में स्थित उत्कृष्ट विद्यालय मॉडल विद्यालय एवं शासकीय कन्या विद्यालय के कक्षा 11वीं एवं 12वीं में पढ़ने वाले मेधावी छात्रो का चयन कर उन्हे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जायेगी। प्रतियोगी परीक्षाओ के लिए 10वीं एवं 11वीं कक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर मेंरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले 11वीं एवं 12वीं कक्षा के 100-100 छात्रो को चयन किया जायेगा। चयनित छात्रो को कोचिंग क्लासेस के माध्यम से नीट, जेईई जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जायेंगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कार्य योजना तैयार कर 10 दिवस के अंदर कोचिंग क्लासेंस प्रारंभ किया सुनिश्चित करे। बैठक में डीईओ एसबी सिंह, डीपीसी आरएल शुक्ला, सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग मिथिलेश ईवने, सहायक जिला शिक्षा अधिकारी कविता त्रिपाठी, एनटीपीसी के अपर महा प्रबंधक मानव संशाधन प्रणव वर्मा, चैतन्य एकडमी के संचालक मौजूद रहे।

# सड़क में गड्ढे होने प्रारंभ

**चाकघाट 10 नवंबर,** नगर परिषद क्षेत्र चाकघाट के अंतर्गत पुराने चौराहे से लेकर वार्ड क्रमांक एक खक्खा तक विगत दिवस बनी सड़क में जगह-जगह गड्ढे होने लगे हैं। श्री हनुमान मंदिर के पास, उसके बगल में साथ ही डॉक्टर ए0 के0 पांडे जी के आवास के सामने, पुरानी सब्जी मंडी इत्यादि स्थानों पर सड़क उखड़ उखड़ने लगी है ।ज्ञातव्य हो कि विगत कुछ ही महीने पहले पी0डब्ल्यू0डी0 विभाग द्वारा इस सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था, नगर वासियों का आरोप है कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त मटेरियल गुणवत्ता विहीन होने से इतनी जल्दी सड़क उखड़ने की समस्या उत्पन्न हो गई है ।संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी महोदय से विनम्रता पूर्वक मांग है, कि गड्डो को 100त्न गुणवत्ता वाले मटेरियल से ठीक कराया जाए । जिससे खराब सड़क के कारण कोई अप्रिय घटना न घट सके ।


### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि महेन्द्र मोहन यादव पिता मोहन यादव उम्र 37 वर्ष निवासी एम.क्यू. 402 सेक्टर 03 जयंत, पो. जयंत, थाना विन्ध्यनगर, तह. व जिला सिंगरौली (म.प्र.) 486890 का हूँ। यह कि मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि सुमीत महेन्द्र यादव मेरा पुत्र है जिसका मै पिता व संरक्षक हूँ। उक्त पुत्र डी.ए.व्ही. पब्लिक स्कूल दुद्धिचुआ में कक्षा 8 में अध्ययनरत है, जिसका एडमिशन नं.-215/24 है। मुझ शपथकर्ता के उक्त स्कूल के रिकार्ड में पिता का नाम महेन्द्र यादव एवं माता का नाम त्रुटिवश मनीषादेवी यादव दर्ज अभिलेख हो गया है जो गलत है जबकि पुत्र के पिता का सही वास्तविक नाम महेन्द्र मोहन यादव एवं माता का सही एवं वास्तविक नाम मनीषादेवी महेन्द्र यादव है सभी दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड में यही नाम दर्ज अभिलेख है। पुत्र के शैक्षणिक रिकार्ड एवं स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम महेन्द्र यादव के स्थान पर महेन्द्र मोहन यादव एवं उसके माता का नाम मनीषादेवी यादव के स्थान पर मनीषादेवी महेन्द्र यादव दर्ज अभिलेख कराये जाने बावत् यह शपथ पत्र निष्पादित करा रहा हूँ। जो सही एवं सत्य है।

**शपथकर्ता**


### आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य अमले को करेंगे प्रशिक्षित

**सिंगरौली 10 नवम्बर।** कलेक्टर गौरव बैनल के निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं अन्य विभागो के मैदानी अमले के द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल संचालन एवं जानकारियां निर्धारित प्रारूप में संकलन सही ढंग से नही किया जा रहा है। मैदानी अमले को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी का अभाव पाया गया। जिसके संबंध में कलेक्टर के द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं आईसीडीएस के अधिकारियों को इस आशय के निर्देशित किया था। दोनों विभागो के मैदानी अमले को ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाये, ताकि निर्धारित प्रारूप में योजनाओं के प्रगति की जानकारी दी जा सके। जिसके संबंध में सीएमएचओ ने अवगत कराया गया कि कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं आईसीडीएस के मैदानी कार्यकर्ताओं आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की संयुक्त उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन समस्त विकासखण्ड में निर्धारित तिथियों अनुसार किया जायेगा।



# प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नि :शुल्क कोचिंग की तैयारी




**नवभारत न्यूज**

**सरई 10 नवम्बर ।सरई तहसील अंतर्गत धिरौली एवं सुलियरी खनन परियोजना के आसपास के गांवों के युवा अब अपने ही गांव में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।**

अदाणी फाउंडेशन द्वारा स्थानीय छात्र-छात्राओं के लिए डाइट फाउंडेशन के सहयोग से सरई और खनुआ नया में बैंक, एसएससी, रेलवे, संविदा शिक्षक, पटवारी, राज्य पुलिस एवं वन विभाग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पाँचवीं कक्षा के होनहार विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय अन्य तैयारी भी अनुभवी शिक्षकों की टीम द्वारा करवाई जा रही है। कई प्रतिभाशाली ग्रामीण विद्यार्थी आर्थिक रूप से सक्षम न होने के कारण कोचिंग की फीस नहीं चुका पाते। नतीजतन उनका सपना अधूरा रह जाता है और वे अवसरों की दौड़ में पीछे रह जाते हैं। इसी समस्या को देखते हुए धिरौली व सुलियरी खनन परियोजनाओं से प्रभावित लगभग 14 गांवों के जरूरतमंद और होनहार बच्चों लिए अदाणी फाउंडेशन ने यह नि:शुल्क कोचिंग पहल शुरू की है।


### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर जिला - सतना (म.प्र.)

क्रमांक /470/ अनु0अधि0 / 2025 सतना, दिनांक- 6/11/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सोनवर्षा, तहसील रघुराजनगर की आ0नं0 22 रकबा 4.0220 हे0 वर्तमान राजस्व अभिलेख में शासकीय म0प्र0 शासन दर्ज रिकार्ड है। उक्त आराजी का अंश रकबा 20 बाई 20 वर्गमीटर कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सतना को उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण हेतु आवंटित किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

म0प्र0 नजूल निर्वर्तन निर्देश 2020 की कण्डिका 142 के अनुसरण में यह उद्घोषणा जारी की जाती है कि उपरोक्त आवंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था का दावा, आपत्ति अथवा सुझाव हो तो वह दिनांक 21/11/2025 तक अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर जिला सतना के न्यायालय के कक्ष क्रमांक जी -04 कलेक्ट्रेट कार्यालय सतना में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं ।

निर्धारित अवधि के बाद प्रस्तुत दावे आपत्ति अथवा सुझाव मान्य नहीं होंगे।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी ।

**अनुविभागीय अधिकारी**
**रघुराजनगर (नगरीय) जिला सतना (म.प्र.)**